राजकीय महाविद्यालय बहरोड़ में चल रहा विशेष प्रशिक्षण

संजय बागड़ी (बहरोड़) अलवर

बुधवार को राजकीय महाविद्यालय बहरोड में चल रहे एनसीसी बी और सी प्रमाण पत्र शिविर के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई। एनसीसी के अत्याधुनिक हथियारों के प्रशिक्षण हेतु एच.एम.टी. तांबे पी.एस. तथा हवलदार सूर्यवंशी, हवलदार बिट्टू ढाका, हवलदार सोमवीर महाविद्यालय शिविर से जुड़े। उनका कैडेट्स द्वारा पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया हवलदार बिट्टू ढाका तथा हवलदार सोमवीर सिंह सिंह ने बताया कि इन्फेंट्री ड्रिल सलामी, कमांड, मैप रिडिंग (ग्राउंड टू मैप एवं मैप टू ग्राउंड), गार्ड ऑफ ऑनर आदि बहुत महत्वपूर्ण है, हथियार खोलना व बंद करना, बाधा प्रशिक्षण, हथियार पोजीशन आदि की विशेष बारीकियों से कैडेट्स को अवगत कराया।

एनसीसी अधिकारी ज्योति कुमारी ने बताया कि कैंप को सफल व सुचारू रखने में महाविद्यालय प्राचार्य व संरक्षक डॉ.अमिता सारस्वत की बहुत अधिक प्रेरणा रही तथा उनके कुशल निर्देशन में सभी गतिविधियां ठीक से संचालित हो रही हैं। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता,सड़क सुरक्षा, समय प्रबंधन जैसे विषय विषयों पर कैडेट्स की कक्षाओं का सत्र भी निरंतर चलता रहता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.अमिता सारस्वत, एनसीसी प्रभारी डॉ.ज्योति कुमारी, आनंदम विषय प्रभारी डॉ.राकेश शर्मा सहित स्टाफ के अन्य सदस्य व एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।